# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2023-24)
# हिंदी (ब) कोड संख्या 085
# कक्षा - दसवीं

**निर्धारित समय :3 घंटे** **पूर्णांक :80**

**सामान्य निर्देश :-**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-**

**(1×5=5)**

आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है। जिसके जैसे संस्कार होंगे, वैसी उसकी भाषा होगी। जब कोई आदमी भाषा बोलता है, तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं। यही कारण है कि भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत गुरुतर और चुनौतीपूर्ण है। परंपरागत रूप में शिक्षक की भूमिका इन तीन कौशलों -- बोलना, पढ़ना और लिखना तक सीमित कर दी गई है। केवल यांत्रिक कौशल किसी जीती-जागती भाषा का उदाहरण नहीं हो सकते हैं। सोचना और महसूस करना दो ऐसे कारक हैं, जिनमें भाषा सही आकार पाती है। इनके बिना भाषा, भाषा नहीं है, इनके बिना भाषा संस्कार नहीं बन सकती, इनके बिना भाषा युगों-युगों का लंबा सफ़र तय नहीं कर सकती, इनके बिना कोई भाषा किसी देश या समाज की धड़कन नहीं बन सकती। केवल संप्रेषण ही भाषा नहीं है। दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवंत नहीं हो सकती।

भाषा हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूर्ण साधन है। भाषा के बिना मनुष्य पूर्ण नहीं है। भाषा में ही हमारे भाव राज्य, संस्कार, प्रांतीयता झलकती है। इस झलक का संबंध व्यक्ति की मानवीय संवेदना और मानसिकता से भी होता है। जिस व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य और मानसिकता जिस स्तर की होगी, उसकी भाषा के शब्द और मुख्यार्थ भी उसी स्तर के होंगे। साहित्यकार ऐसी भाषा को आधार बनाते हैं, जो उनके पाठकों एवं श्रोताओं की संवेदना के साथ एकाकार करने में समर्थ हों।

**(1) आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है, क्योंकि-**

(A) मनुष्य की पूर्णता भाषा द्वारा ही संभव है।
(B) व्यक्ति के मनोभाव भाषा से ही व्यक्त होते हैं।
(C) भाषा का प्रचार और विकास कोई रोक नहीं सकता।
(D) दर्द और मुस्कान के बिना भाषा जीवित नहीं हो सकती।

**(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A) जब कोई आदमी बोलता है, तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं।

कारण (R) : भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उसे कौशलों का विकास करना होता है।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(B) कथन (A) गलत है. लेकिन कारण (R) सही है।

(C) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(3) गद्यांश में साहित्यकार द्वारा किए गए कार्य का उल्लेख इनमें से कौन-से विकल्प से ज्ञात होता है-**

(A) साहित्य समाज का दर्पण है।

(B) साहित्यकार साहित्य सृजन में व्यस्त रहता है।

(C) साहित्यकार सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान बनाता है।

(D) साहित्यकार जन सामान्य की अस्मिता का परिचायक होता है।

**(4) 'दर्द और मुसकान के बिना भाषा जीवंत नहीं हो सकती।' लेखक द्वारा ऐसा कथन दर्शाता है-**

(A) यथार्थ की समझ  (B) सामाजिक समरसता

(C) साहित्य-प्रेम  (D) भाषा कौशल

**(5) भाषा तब सही आकार पाती है, जब-**

(A) मनुष्य निरंतर उसका अभ्यास करता रहता है।

(B) भाषा को सरकारी समर्थन भी प्राप्त होता है।

(C) भाषा सामाजिक संस्थाओं से प्रोत्साहन प्राप्त करती है।

(D) भाषायी कौशलों के साथ मनुष्य सोचता और महसूस भी करता है।

**प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-**

**(1×5=5 )**

साहित्य को समाज का प्रतिबिंब माना गया है अर्थात समाज का पूर्णरूप साहित्य में प्रतिबिंबित होता रहता है। अनादि काल से साहित्य अपने इसी धर्म का पूर्ण निर्वाह करता चला आ रहा है। वह समाज के विभिन्न रूपों का चित्रण कर एक ओर तो हमारे सामने समाज का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करता है और दूसरी ओर अपनी प्रखर मेधा और स्वस्थ कल्पना द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं का विवेचन करता हुआ यह भी बताता है कि मानव समाज की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और विकास के लिए कौन-सा मार्ग उपादेय है? एक आलोचक के शब्दों में- "कवि वास्तव में समाज की व्यवस्था, वातावरण, धर्म-कर्म, रीति-नीति तथा सामाजिक शिष्टाचार या लोक व्यवहार से ही अपने काव्य के उपकरण चुनता है और उनका प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है।"

साहित्यकार उसी समाज का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें वह जन्म लेता है।वह अपनी समस्याओं का सुलझाव, अपने आदर्श की स्थापना अपने समाज के आदर्शों के अनुरूप ही करता है। जिस सामाजिक वातावरण में उसका जन्म होता है, उसी में उसका शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास भी होता है। अत: यह कहना सर्वथा असंभव और अविवेकपूर्ण है कि साहित्यकार समाज से पूर्णतः निरपेक्ष या तटस्थ रह कर साहित्य सृजन करता है। वाल्मीकि, तुलसी, सूर, भारतेंदु , प्रेमचंद आदि का साहित्य इस बात का सर्वाधिक सशक्त प्रमाण है कि साहित्यकार समाज से घनिष्ठ रूप से संबंध रखता हुआ ही साहित्य सृजन करता है। समाज की अवहेलना करने वाला साहित्य क्षणजीवी होता है।

**(1) साहित्य समाज का प्रतिबिंब है क्योंकि यह-**

( A) समाज की वास्तविकता का द्योतक है।
(B) समाज में लोक व्यवहार का समर्थक है।
(C) व्यक्ति की समस्याओं का निदान करता है।
(D) साहित्य को दिशा प्रदान करता है।

**(2) गद्यांश दर्शाता है-**

(A) समाज एवं साहित्य का पारस्परिक संबंध
(B) समाज एवं साहित्य की अवहेलना
(C) साहित्यकार की सृजन शक्ति
(D) सामाजिक शिष्टाचार एवं लोक व्यवहार

**(3) साहित्य की क्षणभंगुरता का कारण होगा-**

(A) सामाजिक अवज्ञा (B) सामाजिक समस्या
(C) सामाजिक सद्भाव (D) सामाजिक समरसता

**(4) वाल्मीकि, तुलसी, सूर के उदाहरण द्वारा लेखक चाहता है –**

(A) भाव साम्यता (B) प्रत्यक्ष प्रमाण
(C) सहानुभूति (D) शिष्टाचार

**(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A) - कवि अपने काव्य के उपकरणों का प्रतिपादन अपने आदर्शों के अनुरूप करता है।
कारण (R) - कवि हृदय अत्यधिक संवेदनशील होता है एवं सदैव देशहित चाहता है।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(B) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार 'पदबंध ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1x4=4)**

**(1) 'सुलेमान केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे-बड़े पशु- पक्षी के भी हाकिम थे।' रेखांकित पदबंध का भेद है –**

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) क्रिया पदबंध
(D) विशेषण पदबंध

**(2) 'जीने मरने वाले मनुष्य तो हो सकते हैं पर सही अर्थों में नहीं।'**
**इस वाक्य में विशेषण पदबंध होगा –**

(A) मनुष्य तो हो सकते हैं
(B) सही अर्थों में नहीं
(C) जीने-मरने वाले मनुष्य
(D) जीने-मरने वाले

**(3) क्रियाविशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए –**

(A) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
(B) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
(C) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
(D) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।

**(4) 'अकसर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं ।' रेखांकित पदबंध का भेद है –**

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रिया पदबंध

**(5) ' खिड़की के बाहर अब असहाय दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं। ' रेखांकित पदबंध का भेद है-**

(A) संज्ञा पदबंध
(B) क्रिया पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रियाविशेषण पदबंध

**प्रश्न 4 निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1x4=4)**

**(1) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए -**

(A) जो कहोगे उसका परिणाम तो भुगतना ही पड़ेगा।
(B) नूह ने जब उनकी बात सुनी तो दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।
(C) दूसरे गाँव के युवक के साथ संबंध परंपरा के विरुद्ध था।
(D) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता।

**(2) 'जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी ।'रचना के आधार पर वाक्य भेद है –**

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्रित वाक्य (D) सामान्य वाक्य

**(3) कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | भाई साहब और मैं कनकौआ लूटने के लिए दौड़ रहे थे। | i | संयुक्त वाक्य |
| 2 | क्योंकि मुझे और भाईसाहब को कनकौआ लूटना था इसीलिए हम दौड़ रहे थे। | ii | सरल वाक्य |
| 3 | मुझे कनकौआ लूटना था और भाई साहब मेरे साथ दौड़ रहे थे। | iii | मिश्र वाक्य |

**विकल्प**

(A) 1-(iii) , 2-(i) , 3-(ii) (B) 1-(ii) , 2-(iii) , 3-(i)
(C) 1-(i) , 2-(ii) , 3-(iii) (D) 1-(ii) , 2-(i), 3-(iii)

**(4) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्रित वाक्य है-**

(A) जैसे ही वे घर से बाहर निकले, वैसे ही जोर से धमाका हुआ।
(B) वे लोग घर से बाहर निकले और ज़ोर से धमाका हुआ।
(C) धमाका होते ही घर से बाहर निकले।
(D) उनके घर से निकलते ही ज़ोर से धमाका हुआ।

**(5) ' शैलेंद्र का दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उनपर नहीं थोपना चाहिए ।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा-**

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य (D) विधानवाचक वाक्य

**प्रश्न 5 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)**

**(1) 'मार्गव्यय' शब्द/समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है?**

(A) द्विगु समास (B) कर्मधारय समास
(C) तत्पुरुष समास (D) अव्ययीभाव समास

**(2) 'महाजन'-समस्त पद का विग्रह होगा -**

(A) महान है जो जन (B) महा है जो जन
(C) महान का जन (D) जन की महानता

**(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| i | पराधीन | i | तत्पुरुष समास |
| ii | महात्मा | ii | अव्ययीभाव समास |
| iii | नीलकंठ | iii | बहुव्रीहि समास |
| iv | सज्जन | iv | द्विगु समास |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं –**

(A) i और ii (B) iऔर iii (C) ii और iv (D) iii और iv

**(4) 'यथाशक्ति' शब्द के लिए सही समास- विग्रह और समास का चयन कीजिए –**

(A) यथा और शक्ति – द्वंद्व समास
(B) यथा की शक्ति – तत्पुरुष समास
(C) शक्ति के अनुसार – अव्ययीभाव समास
(D) यथार्थ शक्ति का धनी अर्थात व्यक्ति विशेष- बहुव्रीहि समास

**(5) 'तिरंगा' का समास विग्रह एवं भेद होगा –**

(A) तीन में रंगा-तत्पुरुष समास
(B) तीन रंग-द्विगु समास
(C) तीन रंगों के समान- कर्मधारय
(D) तीन रंगों वाला अर्थात भारत का राष्ट्र ध्वज- बहुव्रीहि समास

**प्रश्न 6 निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1x4=4)**

**(1) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-**

(A) तूती बोलना- मुसीबत में फँसना
(B) दूध की मक्खी- अनुपयोगी
(C) लोहा मानना- कठिन काम करना
(D) टूट पड़ना- काम शुरू करना

**(2) 'गहरी नींद से जाग जाना /होश आना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**

(A) सुध-बुध खोना
(B) अलख जगाना
(C) दिमाग होना
(D) तंद्रा भंग होना

**(3) 'आड़े हाथों लेना' मुहावरे का अर्थ है –**

(A) घमंड करना
(B) विरोध करना
(C) खिंचाई करना
(D) बेराह चलना

**(4) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?**

'तू मित्र है या शत्रु? जहाँ भी जाता हूँ , वहीं मेरे सामने बाधा उत्पन्न कर देता है।'

(A) मज़ा चखवाना
(B) दीवार खड़ी करना
(C) हावी होना
(D) राह न सूझना

**(5) सेठ दीनदयाल अपने क्षेत्र के जाने-माने व्यापारी हैं।.................. के द्वारा ही उनकी गिनती चुने हुए धनवानों में होती है।**

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) सातवें आसमान पर होने (B) नतमस्तक होने
(C) हवा में उड़ने (D) दो से चार बनाने के गणित

**(6) 'परेशानी देखकर घबरा जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**

(A) हाथ-पाँव फूल जाना (B) प्राण ले लेना
(C) सिर फिरना (D) ठंडा पड़ना

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** **(1x5=5)**

साँस थमती गई, नब्ज़ ज़मती गई,
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया,
कट गए सर हमारे तो कुछ ग़म नहीं,
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया,
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो,
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।
ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं

**(1) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' का अर्थ है-**

(A) हिमालय को सजाना (B) हिमालय की हिफाज़त करना
(C) भारत के गौरव को बनाए रखना (D) भारत का गुणगान करना

**(2) कवि द्वारा 'साथियो' संबोधन का प्रयोग......... के लिए किया गया है।**

(A) कवियों
(B) शहीदों
(C) सैनिकों
(D) देशवासियों

**(3) 'मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो' कवि ने ऐसा कहा है क्योंकि-**

(A) सैनिक धरती को दुल्हन की तरह सजा हुआ देखकर प्रसन्न हो गए।
(B) सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा हेतु जोश और साहस से युद्ध किया।
(C) देशवासियों को बार-बार पुकारकर सैनिकों ने उनमें देशभक्ति का भाव जगाया।
(D) सैनिकों ने कभी भी टेढ़ेपन से बातचीत नहीं की, देश रक्षा ही एकमात्र उद्देश्य रहा।

**(4) 'जान देने की रुत रोज़ आती नहीं' का भाव है -**

(A) सैनिकों के हृदय में जीवित रहने की इच्छा नहीं
(B) जीवित रहने का समय आनंददायक होना चाहिए
(C) आत्म बलिदान द्वारा भी देश की रक्षा के लिए तत्पर
(D) जीवन और मरण सब कुछ ईश्वर की इच्छा पर निर्भर

**(5) इस काव्यांश का संदेश यह है कि हमें -**

(A) हुस्न और इश्क को रुसवा करना चाहिए

(B) देश को दूसरों के हवाले कर देना चाहिए

(C) धरती को दुल्हन की तरह सजाना चाहिए

(D) देश पर कुर्बान होने के लिए तैयार रहना चाहिए

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - (1x2=2)**

**(1) तोप के अतीत और वर्तमान का वर्णन करने के उपरांत कवि ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है कि**

(A) स्थिति सदैव एक जैसी नहीं रहती।

(B) गौरैया जैसे पक्षी भी खेलते हैं।

(C) कंपनी बाग में भी सजावट की गई है।

(D) तोप बड़े-बड़े योद्धाओं के पसीने छुटा देती है।

**(2) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त कथन चुनिए।**

(A) पशु प्रवृत्ति को बनाए रखना ही सुमृत्यु है।

(B) सच्ची मनुष्यता ही सुमृत्यु के समान है।

(C) सुमृत्यु वही है जिसमें व्यक्ति को कष्ट न हो।

(D) सुमृत्यु वही है जिसे मरने के बाद भी लोग याद करें।

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)**

क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था। लोग सहम उठे। एक सन्नाटा-सा खिंच गया। जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा। वह पसीने से नहा उठा। सब घबराए हुए थे। वह तलवार को अपनी तरफ़ खींचते-खींचते दूर तक पहुँच गया। वह हाँफ रहा था। अचानक जहाँ तक लकीर खिंच गई थी. वहाँ एक दरार होने लगी। मानो धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी हो। एक गड़गड़ाहट-सी गूँजने लगी और लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी। द्वीप के अंतिम सिरे तक तताँरा धरती को मानो क्रोध में काटता जा रहा था। सभी भयाकुल हो उठे। लोगों ने ऐसे दृश्य की कल्पना न की थी, वे सिहर उठे। उधर वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी - तताँरा.... तताँरा....तताँरा उसकी करुण चीख मानो गड़गड़ाहट में डूब गई। तताँरा दुर्भाग्यवश दूसरी तरफ़ था। द्वीप के अंतिम सिरे तक धरती को चाकता वह जैसे ही अंतिम छोर पर पहुँचा, द्वीप दो टुकड़ों में विभक्त हो चुका था। एक तरफ़ तताँरा था दूसरी तरफ़ वामीरो।

**(1) लोगों का सहम जाना किस बात का परिचायक है?**

(A) भय (B) करुणा (C) क्रोध (D) प्रसन्नता

**(2) तताँरा को कोई राह न सूझने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

(i) आत्मसमर्पण का भाव

(ii) वामीरो से अत्यधिक प्रेम

(iii) तलवार की दैवीय शक्ति

(iv) गाँव वालों के प्रति रोष

(A) (i) और (iii)
(B) (i), (iii), (iv)
(C) केवल (iii)
(D) (i), (ii) और (iv)

**(3) निम्नलिखित कथन- कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

कथन (A) लोगों ने ऐसे दृश्य की कल्पना न की थी।
कारण (R) ग्रामवासियों ने यह कदापि न सोचा था कि तताँरा की प्रतिक्रिया इतनी विनाशकारी सिद्ध हो सकती है।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(B) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(4) तताँरा और वामीरो अलग कैसे हुए?**

(A) अपमान के डर से
(B) गाँव वालों के दबाव में
(C) पशु मेले की भीड़ के कारण
(D) भूमि के दो भागों में कटने से

**(5) गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा विचार मेल खाता है -**

(A) जो मनुष्य अपने क्रोध को अपने वश में कर लेता है, वह दूसरों के क्रोध से स्वयंमेव बच जाता है। - सुकरात
(B) क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। -प्रेमचंद
(C) वह आदमी वास्तव में बुद्धिमान है जो क्रोध में भी गलत बात मुँह से नहीं निकालता। - शेखसादी
(D) ईर्ष्या, लोभ, क्रोध एवं कठोर वचन - इन चारों से सदा बचते रहना ही वस्तुतः धर्म है। - तिरुवल्लुवर

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **(1x2=2)**

**(1) निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य 'डायरी का एक पन्ना ' से मेल खाते हैं-**

(i) पुरानी सभ्यता के बारे में ज़्यादा किस्से-कहानियाँ सुनने को मिलते हैं।
(ii) एक संगठित समाज कृत संकल्प हो तो वह कुछ भी कर सकता है।
(iii) यह पाठ हमारे क्रांतिकारियों की याद दिलाता है और देशभक्ति का भाव भरता है।
(iv) 26 जनवरी 1930 को गुलाम भारत में पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था।

(A) केवल (i)
(B) (i) और (ii)
(C) केवल (iv)
(D) (ii),(iii),(iv)

**(2) ग्वालियर से मुंबई के बीच लेखक ने एक बदलाव महसूस किया कि –**

(A) बस्ती ने जंगल का रूप ले लिया है।
(B) जंगल ने बस्ती का रूप ले लिया है।
(C) वर्सोवा नाम का शहर बस गया है।
(D) पशु–पक्षी जंगलों को छोड़कर चले गए हैं।

**खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –**
**(3x2=6)**

(1) परिवार के अनुभवी जनों द्वारा दी गई सीख भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होती है। आपके द्वारा स्पर्श पाठ्यपुस्तक में पढ़े गए पाठ के माध्यम से भी है यह ज्ञात होता है। कहानी के पात्रों के माध्यम से कथन को सिद्ध कीजिए।

(2) पाठ्यक्रम में पढ़ी एकांकी द्वारा सिद्ध कीजिए कि मुट्ठी भर आदमी भी बड़ी फ़ौज पर काबू पा सकते हैं।

(3) आशय स्पष्ट कीजिए- 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।'

**प्रश्न 12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –**
**(3x2=6)**

(1) कबीर ने निंदक को पास रखने की सलाह क्यों दी है? क्या यह सलाह आपको उचित प्रतीत होती है? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(2) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता की अंतिम पंक्तियाँ आपको सर्वाधिक प्रभावित करती हैं और क्यों? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(3) रवींद्रनाथ ठाकुर और मीरा की भक्ति का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।

**प्रश्न 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –**
**(3x2=6)**

(1) ठाकुर हरिनाम सिंह के तीनों लड़कों को एहसास था कि वे कलेक्टर के बेटे हैं। लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना ठाकुर हरिनाम सिंह के तीनों बेटों और टोपी के विषय में किस विचारधारा को स्पष्ट करता है।

(2) उनकी इस स्थिति में मुझे चिंतित कर दिया है। जैसे कोई नाव बीच मझधार में फँसी हो और उस पर सवार लोग चिल्ला कर भी अपनी रक्षा ना कर सकते हो क्योंकि उनकी चिल्लाहट दूर तक फैले सागर के बीच उठती गिरती लहरों में विलीन हो जाने की अतिरिक्त कर ही क्या सकती है। लेखक के इस कथन की संदर्भ सहित विवेचना कीजिए।

(3) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि स्कूल की छुट्टियों के शुरू और आखिरी दिनों में बच्चों की दृष्टि में क्या अंतर होता था? क्या यही स्थिति आपकी भी होती है? अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न 14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **(5x1=5)**

**(1) प्रकृति की रक्षा मानव की सुरक्षा**
•मनुष्य प्रकृति का अंग •प्रकृति से खिलवाड़ •दुष्प्रभाव और दूर करने के उपाय

**(2) जी ट्वेंटी और भारत**
•जी 20 क्या है? •गठन का कारण •कार्यशैली और भारत की भूमिका

**(3) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान**
•सूक्ति का आशय •जीवन में अभ्यास का महत्व •सफलता का मूलमंत्र

**प्रश्न 15** **(5x1=5)**

(1) आप विद्यालय के हिंदी संघ के सचिव रजत चट्टोपाध्याय और श्वेता चट्टोपाध्याय हैं।अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को **पत्र** लिखिए जिसमें पुस्तकालय में हिंदी की अच्छी पुस्तकें व पत्रिकाएँ मँगवाने के लिए निवेदन किया गया हो। **(शब्द-सीमा - लगभग 100 शब्द)**

**अथवा**

(2) आप शौर्य शर्मा /शारवी शर्मा हैं। नवभारत टाइम्स के संपादक को **पत्र** लिखिए जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव हों। **(शब्द-सीमा - लगभग 100 शब्द)**

**प्रश्न 16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए -** **(4x1=4)**

(1) विद्यालय द्वारा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के विवरण सहित इसकी सूचना प्रदान कीजिए।

**अथवा**

(2) संस्कृति क्लब की ओर से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए तथा सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए अध्यक्ष की ओर से सूचना लिखिए।

**प्रश्न 17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** **(3x1=3)**

(1) योग को बढ़ावा देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**प्रश्न 18** **(5x1=5)**

(1) 'पश्चाताप' विषय पर **लघुकथा** लगभग **100 शब्दों** में लिखिए।

**अथवा**

(2) आपके बैंक खाते में गलती से 5000 रुपये की राशि अधिक आ गई है। इसकी जानकारी बैंक अधिकारी को **ईमेल** लिखकर दीजिए। **(शब्द-सीमा लगभग 100शब्द)**

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>

**अंक योजना - प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2023-24)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा – दसवीं** **पूर्णांक:80**

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। इस प्रश्नपत्र में वस्तुपरक एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं। अतः अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

(2) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें, तो उन्हें अंक दिए जाएँ।

(3) समान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ।

(4) गुणवत्तापूर्ण, सटीक उत्तर पर शत-प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।

(5) मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।

(6) मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना के निर्देशानुसार ही किया जाए।

## खंड – अ

**प्रश्न 1 अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न** **(1×5 =5)**

(1) (B) व्यक्ति के मनोभाव भाषा से ही व्यक्त होते हैं।

(2) (C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(3) (D) साहित्यकार जन सामान्य की अस्मिता का परिचायक होता है।

(4) (A) यथार्थ की समझ

(5) (D) भाषायी कौशलों के साथ मनुष्य सोचता और महसूस भी करता है।

**प्रश्न 2 अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न** **(1×5 =5)**

(1) A समाज की वास्तविकता का द्योतक है।

(2) A समाज एवं साहित्य का पारस्परिक संबंध

(3) A सामाजिक अवज्ञा

(4) B प्रत्यक्ष प्रमाण

(C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**प्रश्न 3 पदबंध पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(1x4=4)**

(1) (A) संज्ञा पदबंध

(2) (D) जीने-मरने वाले

(3) (B) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श <u>धीरे-धीरे</u> पीछे हटने लगते हैं।

(4) (D) क्रिया पदबंध

(5) (A) संज्ञा पदबंध

**प्रश्न 4 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1x4=4)**

(1) (C) दूसरे गाँव के युवक के साथ संबंध परंपरा के विरुद्ध था।

(2) (C) मिश्रित वाक्य

(3) (B) 1-(ii) , 2-(iii) , 3-(i)

(4) (A) जैसे ही वे घर से बाहर निकले, वैसे ही जोर से धमाका हुआ।

(5) (C) मिश्र वाक्य

**प्रश्न 5 समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(1x4=4)**

(1) (C) तत्पुरुष समास

(2) (A (महान है जो जन

(3) (B) iऔर iii

(4) (C) शक्ति के अनुसार - अव्ययीभाव समास

(5) (D) तीन रंगों वाला अर्थात भारत का राष्ट्र ध्वज- बहुव्रीहि समास

**प्रश्न 6 मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(1x4=4)**

(1) B दूध की मक्खी -अनुपयोगी

(2) D तंद्रा भंग होना

(3) C खिंचाई करना

(4) B दीवार खड़ी करना

(5) D दो से चार बनाने के गणित

(6) A हाथ-पाँव फूल जाना

**प्रश्न 7 पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-(1×5=5)**

(1) (C) भारत के गौरव को बनाए रखना

(2) (D) देशवासियों

(3) (B) सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा हेतु जोश और साहस से युद्ध किया।

(4) (C) आत्म बलिदान द्वारा भी देश की रक्षा के लिए तत्पर

(5) (D) देश पर कुर्बान होने के लिए तैयार रहना चाहिए

**प्रश्न 8 प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - (1x2=2)**

(1) A स्थिति सदैव एक जैसी नहीं रहती।

(2) D सुमृत्यु वही है जिसे मरने के बाद भी लोग याद करें।

**प्रश्न 9 गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)**

(1) (A (भय

(2) (D) (i), (ii) और) iv)

(3) (D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) (D) (भूमि के दो भागों में कटने से

(5) (B) क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। - प्रेमचंद

**प्रश्न 10** प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - **(1×2 =2)**

(1) (D) (ii),(iii),(iv)

(2) (B) जंगल ने बस्ती का रूप ले लिया है।

## खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 11 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –** **(3x2=6)**

(1) कहानी–बड़े भाईसाहब
पात्र–बड़े भाई
शिक्षार्थी अपने मतानुसार लिखेंगे

(2) एकांकी – कारतूस

- कर्नल का कथन
- वजीर अली द्वारा मुट्ठी भर आदमियों के बलबूते अंग्रेजी फ़ौज को बरसों से चकमा देना
- अंग्रेजों को खुली चुनौती

(3)

- शैलेन्द्र ने बताया है कि दुख मनुष्य को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
- जब मुश्किल आती है तो वह उससे छुटकारा पाने की बात सोचने लगता है।
- अर्थात वह जीवन में हार नहीं मानता

**प्रश्न 12 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –** **(3x2=6)**

(1)

- निंदक को सदा अपने समीप रखना चाहिए
- उसके द्वारा निंदा होने के भय से हम कोई बुरा कार्य नहीं करेंगे
- निंदकों की निंदा–भरी बाते सुन–सुनकर हमें आत्मसुधार करने का मौका मिलेगा

(2) शिक्षार्थी अपने मतानुसार लिखेंगे

(3)

- **रवींद्रनाथ ठाकुर** – ईश्वर में अगाध विश्वास
- ईश्वर के सामर्थ्य से परिचित
- सफलता के लिए ईश्वर पर आश्रित नहीं होना
- प्रार्थना में मानव मन की कमजोरियों से मुक्ति
- भौतिक सुखों की माँग नहीं

- **मीरा** – दैन्य और माधुर्य भाव की भक्ति
- आराध्य से मनुहार और अवसर आने पर उलाहना भी
- कृष्ण के रूप– सौंदर्य का वर्णन
- गिरधर गोपाल के अनन्य और एकनिष्ठ प्रेम से अभिभूत

**प्रश्न 13 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –** **(3x2=6)**

(1)

- ठाकुर हरिनाम सिंह के तीनों लड़के घमंडी
- पिता के कलेक्टर होने का एहसास
- अंग्रेज़ी बोलने वाले
- टोपी भावुक और सरल हृदय

(2)

- लेखक हरिहर काका से मिलने गया और उनकी तबीयत के बारे में पूछा
- हरिहर काका ने सिर उठाकर एक बार लेखक की ओर देखा और सिर झुका लिया
- इसके बाद उन्होंने दुबारा सिर नहीं उठाया
- उनकी यंत्रणा और मनोदशा के बारे में आँखों ने बहुत कुछ कह दिया पर काका कुछ बोल न सके
- उनकी इस दशा ने लेखक को चिंतित कर दिया
- सागर के बीच विलीन होने वाली नाव जैसी स्थिति अर्थात गाँव में इतने सारे लोग होते हुए भी वे अकेले और असहाय
- जीवन के प्रति निराशा

(3)

- छुट्टियाँ शुरू होते ही बच्चे छुट्टियों का काम समाप्त करना चाहते , पर यह सोच कर कि अभी समय बहुत है बाद में कर लेंगे पहले दो-तीन सप्ताह खेलकूद में बिता देते
- माँ के साथ ननिहाल चले जाते
- वहाँ खेलकूद और मस्ती रहती
- छुट्टियाँ बीतने लगती तो डर बढ़ जाता
- छुट्टियों में मिले काम का हिसाब लगाते तो स्कूल की पिटाई का डर सताता
- शिक्षार्थी अपने मतानुसार लिखेंगे

**प्रश्न 14 किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **(5x1=5)**

| | |
|---|---|
| विषयवस्तु- | 3 अंक |
| भाषा- | 1 अंक |
| प्रस्तुति- | 2 अंक |

**प्रश्न 15 दिए गए दो औपचारिक पत्रों में से किसी <u>एक</u> विषय पर 100 शब्दों में पत्र लेखन-** **(5x1=5)**

| | |
|---|---|
| आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ - | 1 अंक |
| विषयवस्तु- | 2 अंक |
| भाषा- | 1 अंक |
| प्रस्तुति- | 1 अंक |

**प्रश्न 16 किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए -** **(4x1=4)**

| | |
|---|---|
| विषयवस्तु- | 2 अंक |
| प्रस्तुति- | 1 अंक |
| भाषा - | 1 अंक |

**प्रश्न 17 किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-** **(3x1=3)**

| | |
|---|---|
| विषयवस्तु- | 1 अंक |
| प्रस्तुति- | 1 अंक |
| भाषा - | 1 अंक |

**प्रश्न 18 लघुकथा अथवा ई-मेल लेखन लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5x1=5)**

| | |
|---|---|
| औपचारिकताएँ- | 1 अंक |
| विषयवस्तु- | 2 अंक |
| प्रस्तुति- | 1 अंक |
| भाषा - | 1 अंक |

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>